Re: Construction of Khandwa-Dhar Railway Project

श्री गजेन्द्र उमराव सिंह पटेल **(खरगौन):** मैं यह बताना चाहता हूँ कि एक बहुउद्देशीय रेल परियोजना खंडवा से धार वाया खरगोन बड़वानी, जो कि विगत कई वर्षों से लंबित है । उसके सर्वे का कार्य सेंट्रल रेलवे को सौंपा गया था । वर्तमान में सर्वे कि क्या स्थिति है? यदि उक्त सर्वे का कार्य पूर्ण हो चुका है तो फाइल लोकेशन सर्वे कब तक कराया जायेगा? उक्त रेल परियोजना के क्रियान्वयन हेतु रेलवे मंत्रालय की आगामी रूपरेखा क्या है? जिससे बहु प्रतीक्षित परियोजना का लाभ शीघ्रातिशीघ्र आदिवासी अंचल के निवासियों को मिल सके ।